रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 04/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **निम्नलिखित में से कौन-सा, चतुष्फलकीय संरचना वाला कार्बन अपररूप है?**

Ans A). हीरा B). ग्राफीन C). ग्रेफाइट D). फुलेरीन

**Correct Answer: A**

**Q.2** **निम्नलिखित में से किसका उपयोग अचार में परिरक्षक के रूप में किया जाता है?**

Ans A). जल में सिनेमिक का 5-8% विलयन B). जल में ऐसीटिक ऐनहाइड्राइड का 5-8% विलयन C). जल में एथेनॉल का 5-8% विलयन D). जल में ऐसीटिक अम्ल का 5-8% विलयन

**Correct Answer: D**

**Q.3** **रक्त वाहिकाओं में पेशियों की परतों के संदर्भ में, 'कॉलम A' को 'कॉलम B' के साथ सुमेलित करें।**

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| (a) स्थूल मध्य कंचुक (Thick tunica media) | (i) शिरा (Vein) |
| (b) सबसे छोटी वाहिका का व्यास (Smallest vessel diameter) | (ii) धमनी (Artery) |
| (c) बृहत ल्युमेन (Large lumen) | (iii) केशिका (Capillary) |
| (d) अंतःस्तर (Endothelium) | (iv) सभी रक्त वाहिकाएं (All blood vessels |

Ans A). a–i, b–ii, c–iv, d–iii B). a–ii, b–iii, c–i, d–iv C). a–iii, b–ii, c–i, d–iv D). a–ii, b–iv, c–i, d–iii

**Correct Answer: B**

**Q.4** **जब श्वेत प्रकाश कांच के प्रिज्म से होकर गुजरता है, तो क्या होता है?**

Ans A). इसका एक ही रंग में परिवर्तन हो जाता है B). यह पुनः संयुक्त होकर श्वेत प्रकाश में बदल जाता है C). यह सात रंगों के एक बैंड में विभक्त हो जाता है D). यह अदृश्य हो जाता है

**Correct Answer: C**

**Q.5** **1000 kg द्रव्यमान वाली एक कार 25 m/s की चाल से गतिमान है। यदि चालक ब्रेक लगाकर कार को रोक देता है, तो इस प्रक्रिया के दौरान कितनी गतिज ऊर्जा नष्ट होती है?**

Ans A). 312500 J B). 12500 J C). 625000 J D). 25000 J

**Correct Answer: A**

**Q.6** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन किसी यौगिक के अणु का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

Ans A). विभिन्न तत्वों के एक निश्चित अनुपात में रासायनिक संयोजन से बनने वाला अणु B). परमाणुओं द्वारा किसी भी परिवर्ती अनुपात में बनने वाला अणु C). परमाणुओं का भौतिक मिश्रण D). एक ही तत्व के परमाणुओं का समूह

**Correct Answer: A**

**Q.7** **यदि हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (HCl), सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH) के साथ अभिक्रिया करता है, तो जल बनाने में प्रत्येक अभिक्रियक के कौन-से आयन भाग लेते हैं?**

Ans A). NaOH से H+(aq) और HCl से OH-(aq) B). NaOH से Na+(aq) और HCl से Cl-(aq) C). HCl से Cl-(aq) और NaOH से Na+(aq) D). HCl से H+(aq) और NaOH से OH-(aq)

**Correct Answer: D**

**Q.8** **जैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट की तुलना में अजैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट को अधिक संकटपूर्ण क्यों माना जाता है?**

Ans A). वे ऑक्सीजन मुक्त करते हैं B). वे पर्यावरण में बने रहते हैं C). वे तेजी से विघटित होते हैं D). वे सूक्ष्मजीव गतिविधि को बढ़ाते हैं

Correct Answer: B

**Q.9** **निम्नलिखित में से कौन-सा, आयरन का सबसे शुद्ध रूप है?**

Ans A). स्टेनलेस इस्पात B). पिटवा लोहा C). कठोर इस्पात D). लिमोनाइट

Correct Answer: B

**Q.10** **दो जलीय जीव: एक में जल के प्रवाह के लिए छिद्र होते हैं, दूसरा शिकार पकड़ने के लिए स्पर्शकों का उपयोग करता है। कौन-सा मुख्य संरचनात्मक अंतर उनकी संभरण (feeding) रणनीतियों की व्याख्या करता है?**

Ans A). स्पर्शकों वाले जीव में ऊतकों की उपस्थिति B). स्पर्शकों वाले जीव में कठोर कंकाल की उपस्थिति C). दोनों जीवों में खंडीभवन D). छिद्र-युक्त जीव में द्विपार्श्व सममिति

Correct Answer: A

**Q.11** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, गति और बल के संदर्भ में एकसमान वृत्तीय गति का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

Ans A). कोई वस्तु किसी वृत्त में परिवर्ती चाल और नियत दिशा में चलती है
B). कोई वस्तु किसी वृत्त में नियत चाल से चलती है, लेकिन दिशा में परिवर्तन के कारण इसका वेग बदल जाता है
C). कोई वस्तु किसी वृत्त में नियत चाल और नियत दिशा दोनों के साथ चलती है D). कोई वस्तु किसी सीधी रेखा में परिवर्ती चाल से चलती है

Correct Answer: B

**Q.12** **अभिनेत्र लेन्स की नम्यता (flexibility) में कमी होने के कारण निकट की वस्तुओं पर फोकस करने की उसकी क्षमता में ह्रास होने पर कौन-सा दोष उत्पन्न होता है?**

Ans A). लेन्स की नम्यता में कमी के परिणामस्वरूप जरादूरदृष्टि दोष होता है। B). लेन्स की नम्यता में कमी के परिणामस्वरूप अबिन्दुकता होता है।
C). लेन्स की नम्यता में कमी के परिणामस्वरूप निकट दृष्टि दोष होता है। D). लेन्स की नम्यता में कमी के परिणामस्वरूप दीर्घदृष्टि दोष होता है।

Correct Answer: A

**Q.13** **जंतुओं में वायवीय श्वसन के लिए कौन-सी गैस आवश्यक है?**

Ans A). कार्बन डाइऑक्साइड B). नाइट्रोजन C). ऑक्सीजन D). हाइड्रोजन

Correct Answer: C

**Q.14** **नीचे दी गई तालिका के यौगिक को उसके संबंधित तत्वों के द्रव्यमान अनुपात से मिलान कीजिए।**

| यौगिक | तत्वों द्वारा द्रव्यमान अनुपात |
|---|---|
| 1. जल ($H_2O$) | A. 1 : 8 |
| 2. कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) | B. 14 : 3 |
| 3. अमोनिया ($NH_3$) | C. 3 : 8 |
| 4. सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) | D. 1 : 1 |

Ans A). 1 → C, 2 → A, 3 → B, 4 → D B). 1 → A, 2 → C, 3 → D, 4 → B C). 1 → A, 2 → C, 3 → B, 4 → D D). 1 → A, 2 → D, 3 → B, 4 → C

Correct Answer: C

**Q.15** **फ्यूज तार का कोषस्थीकरण (encasing) करने वाले कार्ट्रिज (जैसे पॉर्सिलेन) का क्या कार्य होता है?**

Ans A). फ्यूज के लिए ऊष्मा अभिगम के रूप में कार्य करना B). पिघले हुए फ्यूज तार को सुरक्षित रूप से रखना और खतरों से रक्षा करना
C). फ्यूज के विद्युत चालन में सुधार करना D). फ्यूज के माध्यम से धारा प्रवाह को बढ़ाना

Correct Answer: B

**Q.16** **हाल ही में सूखे से प्रभावित किसी पर्यावास में, कौन-सी विशेषता अनावृतबीजी (gymnosperms) को तब जीवित रखने में सर्वाधिक सहायक होगी जब अन्य पादप नष्ट हो जाते हैं?**

Ans A). जलीय निषेचन जीवित रहना सुनिश्चित करता है B). फल जल में बीज प्रकीर्णन में सुधार करते हैं C). पुष्प विविध परागकों को आकर्षित करते हैं D). सुई जैसी पत्तियां जल हानि को रोकती हैं

Correct Answer: D

**Q.17** **प्रकाश की एक किरण वायु से एक आयताकार काँच पट्टिका में अभिलंब के साथ 40 डिग्री का कोण बनाते हुए प्रवेश करती है। यदि वायु के संदर्भ में काँच का अपवर्तनांक 1.5 है और वायु में प्रकाश की चाल $3 \times 10^8$ m/s है, तो काँच पट्टिका के अंदर प्रकाश की चाल ज्ञात कीजिए।**

Ans A). $1.5 \times 10^8$ m/s B). $2.25 \times 10^8$ m/s C). $2 \times 10^8$ m/s D). $2.5 \times 10^8$ m/s

Correct Answer: C

**Q.18** विद्युत परिपथ आरेख में दिया गया प्रतीक क्या दर्शाता है?



**Ans** A). परिवर्ती प्रतिरोध B). प्लग कुंजी या स्विच C). वायर जाइंट D). बिना जुड़े वायर क्रॉसिंग

**Correct Answer: C**

**Q.19** यदि 25 g लवण को 175 g जल में विलीन किया जाता है, तो द्रव्यमान प्रतिशत में विलयन की सांद्रता क्या होगी?

**Ans** A). 12.5% B). 15% C). 10% D). 18%

**Correct Answer: A**

**Q.20** चूंकि पादप सूर्य के प्रकाश का उपयोग करके अपना भोजन स्वयं बनाते हैं, इसलिए उन्हें आमाशय जैसे पाचन अंग की आवश्यकता नहीं होती है। इसके बजाय, उनमें ________________ के लिए विशेष ऊतक होते हैं।

**Ans** A). दौड़नें B). चिंतन C). पाचन D). प्रकाश संश्लेषण

**Correct Answer: D**

**Q.21** कार्य-ऊर्जा प्रमेय के अनुसार, यदि किसी वस्तु पर किया गया नेट कार्य शून्य है, तो उसकी गतिज ऊर्जा ______________।

**Ans** A). अपरिवर्तित रहती है B). निरंतर घटती है C). शून्य हो जाती है D). निरंतर बढ़ती है

**Correct Answer: A**

**Q.22** खाद्य तेलों और वसा में भंडारण की कौन-सी स्थिति, विकृतगंधिता को सबसे प्रभावी ढंग से कम कर देती है?

**Ans** A). वायुरोधी कंटेनरों में भंडारण करना B). भोजन में जल मिश्रित करना C). धूप में रखना D). भोजन को बार-बार गर्म करना

**Correct Answer: A**

**Q.23** सादृश्य को पूरा कीजिए।

जाइलम : जल परिवहन :: फ्लोएम : ______।

**Ans** A). यांत्रिक सामर्थ्य B). सूक्ष्मजीवों से सुरक्षा C). गैस विनिमय D). खाद्य परिवहन

**Correct Answer: D**

**Q.24** मनुष्यों में, ऑक्सीजन का वहन करने वाला श्वसन वर्णक, ______ है।

**Ans** A). मायोसिन B). क्लोरोफिल C). हीमोग्लोबिन D). इंसुलिन

**Correct Answer: C**

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सा उस दर का वर्णन करता है जिस पर कोई वस्तु अपना वेग बदलती है?

**Ans** A). चाल B). दूरी C). त्वरण D). विस्थापन

**Correct Answer: C**

**Q.26** एक विक्रेता एक वस्तु को 25% लाभ पर बेचता है। फिर क्रेता उसे 10% हानि पर बेचता है। यदि मूल क्रय मूल्य ₹1,200 था, तो वस्तु के अंतिम विक्रय मूल्य का 40% कितना है?

**Ans** A). ₹480 B). ₹600 C). ₹630 D). ₹540

**Correct Answer: D**

**Q.27** सरल कीजिए:

$$6 \div \left[(9-6) \div \left\{(5-3) \div \left(2 + \frac{8}{13}\right)\right\}\right]$$

**Ans** A). $\frac{13}{17}$ B). $\frac{7}{17}$ C). $\frac{26}{17}$ D). $\frac{34}{13}$

**Correct Answer: C**

**Q.28** 6 वर्ष पहले A की आयु, अब से 6 वर्ष बाद की आयु की आधी थी। A की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है?

**Ans** A). 18 B). 12 C). 30 D). 24

**Correct Answer: A**

**Q.29** यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 42 है, तो (2x + 4y) का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 8 | 20 | x | 2 | y | 70 |

**Ans** A). 86 B). 75 C). 68 D). 100

**Correct Answer: A**

**Q.30** दो शहरों, A और B के बीच की दूरी 250 km है। एक मोटरसाइकिल-सवार 6:30 a.m. पर A से B की ओर 40 km/hr की चाल से चलना शुरू करता है। एक अन्य मोटरसाइकिल-सवार 8:30 a.m. पर B से A की ओर 50 km/hr की चाल से चलना शुरू करता है। वे एक-दूसरे को किस समय पार करेंगे?

**Ans** A). 1:27:48 p.m. B). 2:25:24 p.m. C). 10:23:20 a.m. D). 11:33:51 a.m.

**Correct Answer: C**

**Q.31** ₹60,000 की राशि 3 वर्षों के बाद ₹71,460.96 हो जाती है, जब ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 6 % B). 5 % C). 7 % D). 8 %

**Correct Answer: A**

**Q.32** दो संख्याएँ 2 : 3 के अनुपात में हैं। यदि प्रत्येक संख्या से 8 घटा दिया जाए, तो परिणामी अनुपात 1 : 2 हो जाता है। मूल बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 12 B). 18 C). 16 D). 24

**Correct Answer: D**

**Q.33** दिए गए आंकड़ों से बहुलक ज्ञात कीजिए।

| वर्ग अंतराल | 0-5 | 5-10 | 10-15 | 15-20 | 20-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| राज्यों की संख्या | 15 | 10 | 6 | 7 | 2 |

**Ans** A). 1.45 B). 0.25 C). 2.65 D). 3.75

**Correct Answer: D**

**Q.34** दिया गया है कि $69^{0.96} = x$, $69^{0.75} = y$ और $x^z = y^2$ है, तो z का मान किसके सन्निकट है?

**Ans** A). 3.48 B). 2.93 C). 1.56 D). 0.85

**Correct Answer: C**

**Q.35** पाइप A एक टंकी को 4 घंटे में पूर्णत: भर सकता है, पाइप B उसी टंकी को 6 घंटे में पूर्णत: भर सकता है और पाइप C उसी टंकी को 12 घंटे में पूर्णत: भर सकता है। सभी पाइप को एकसाथ चालू करने पर उसी टंकी का आधा भाग भरने में उन्हें कितना समय (घंटे में) लगेगा?

**Ans** A). 3 B). 2 C). 4 D). 1

**Correct Answer: D**

**Q.36** रवि अपनी मासिक आय का 80% खर्च करता है। यदि उसकी मासिक आय ₹25,000 है, तो उसकी मासिक बचत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹6,000 B). ₹4,000 C). ₹7,000 D). ₹5,000

**Correct Answer: D**

**Q.37** 430 ग्राम शर्करा विलयन में 20% शर्करा है। विलयन में शर्करा की मात्रा 50% करने के लिए इसमें कितनी शर्करा मिलाई जानी चाहिए?

**Ans** A). 278 ग्राम B). 268 ग्राम C). 248 ग्राम D). 258 ग्राम


**Correct Answer: D**

**Q.38** एक कार पहले 120 km की दूरी 40 km/hr की चाल से तय करती है, अगले 180 km की दूरी 60 km/hr की चाल से तय करती है और अंतिम 100 km की दूरी 50 km/hr की चाल से तय करती है। संपूर्ण यात्रा के लिए कार की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 50 km/hr B). 53 km/hr C). 55 km/hr D). 51 km/hr

**Correct Answer: A**

**Q.39** एक कंपनी अपना वार्षिक बजट निम्नलिखित क्षेत्रों में व्यय करती है। यदि कुल बजट ₹20,00,000 है, तो अनुसंधान और परिवहन पर कुल मिलाकर कितनी राशि (₹ में) व्यय की जाती है?




**Ans** A). 5,00,000 B). 6,00,000 C). 5,50,000 D). 6,50,000

**Correct Answer: B**

**Q.40** किसी धनराशि पर दो वर्षों में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज ₹1,560 है और संगत साधारण ब्याज ₹1,500 है। उसी धनराशि पर समान ब्याज दर से तीन वर्षों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹2,434.80 B). ₹2,345.30 C). ₹2,466.50 D). ₹2,245.60

**Correct Answer: A**

**Q.41** 0.65 ÷ 0.13 + 3.5 − 2.825 को सरल कीजिए।

**Ans** A). 5.175 B). 5.675 C). 5.875 D). 5.375

**Correct Answer: B**

**Q.42** 2 मीटर त्रिज्या वाले एक गोलाकार टैंक में उसके आयतन के तीन-चौथाई तक पानी भरा हुआ है। इसमें कितने घन मीटर पानी मौजूद है? (π = 3.14 का उपयोग कीजिए)

**Ans** A). 33.36 B). 29.24 C). 36.84 D). 25.12

**Correct Answer: D**

**Q.43** समान सरल रेखा पर और मीनार के एक ही तरफ स्थित दो बिंदुओं से मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण 30° और 60° है। यदि दोनों बिंदुओं के बीच की दूरी 20 m है, तो मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 8 m B). 10√3 m C). 12 m D). 8√3 m

**Correct Answer: B**

**Q.44** एक लड़का एक पेड़ से 20 m की दूरी पर खड़ा है। उसकी आँखों से पेड़ के शीर्ष का उन्नयन कोण 45° है। पेड़ की ऊँचाई ज्ञात कीजिए। (लड़के की लंबाई की उपेक्षा कीजिए।)

**Ans** A). 20 m B). 10 m C). 15 m D). 40 m

**Correct Answer: A**

**Q.45** रमन की आय ₹61,500 है। वह अपनी आय का 17% बचाता है। यदि उसकी आय में 38% की वृद्धि हो जाती है और व्यय में 20% की वृद्धि हो जाती है, तो उसकी बचत पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

**Ans** A). ₹13,156 की वृद्धि होगी B). ₹13,161 की वृद्धि होगी C). ₹13,165 की कमी होगी D). ₹13,159 की कमी आएगी

**Correct Answer: B**

**Q.46** 12 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त पर इसके केंद्र से 13 cm की दूरी पर स्थित बिंदु से एक स्पर्शरेखा खींची जाती है। स्पर्शरेखा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 12 cm B). 8 cm C). 5 cm D). 6 cm

**Correct Answer: C**

**Q.47** एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों- I, II, III और IV पर एकसमान है।
कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 46% और 62% की दो क्रमिक छूट देती है, दुकान II, 16% और 77% की क्रमिक छूट देती है, दुकान III, 74% और 54% की क्रमिक छूट देती है, और दुकान IV, 12%, 98% और 86% की क्रमिक छूट देती है।
कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

**Ans** A). II B). III C). IV D). I

**Correct Answer: C**

**Q.48** संख्या 8, 32 और 17 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 46 B). 68 C). 56 D). 58

**Correct Answer: B**

**Q.49** 3.5 m त्रिज्या और 10 m ऊँचाई वाले एक बेलनाकार टैंक में जल भरा है। इस जल को 7 m लंबाई और 5 m चौड़ाई वाले एक घनाभाकार टैंक में खाली करना है। बेलनाकार टैंक से संपूर्ण जल घनाभाकार टैंक में डालने के बाद उसमें जल की ऊँचाई ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans** A). 10 m | B). 12 m | C). 11 m | D). 13 m

**Correct Answer: C**

**Q.50** यदि ₹2,500 पर 5% वार्षिक दर से साधारण ब्याज के रूप में ₹500 प्राप्त होते हैं, तो धनराशि कितने समय के लिए निवेश की गई थी?

**Ans** A). 6 वर्ष | B). 5 वर्ष | C). 4 वर्ष | D). 3 वर्ष

**Correct Answer: C**

**Q.51** एक निश्चित तरीके से, DJ 14 का संबंध JP 16 से है। उसी प्रकार, PM 11 का संबंध VS 13 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, HF 17 का संबंध दिए गए विकल्पों में किससे है?

**Ans** A). NS 12 | B). NK 15 | C). NL 19 | D). NO 15

**Correct Answer: C**

**Q.52** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
BLQ EQP HVO KAN ?

**Ans** A). MFN | B). NFM | C). OPM | D). MEP

**Correct Answer: B**

**Q.53** N, Z की पत्नी है। K, N की पुत्री है। Q, Z की माता है। Q का K से क्या संबंध है?

**Ans** A). पिता की माता | B). माता की माता | C). पति की माता | D). पुत्र की पत्नी

**Correct Answer: A**

**Q.54** यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

15 − 2 ÷ 48 × 24 + 24 = ?

**Ans** A). −7 | B). −4 | C). −5 | D). −3

**Correct Answer: C**

**Q.55** शब्द COLLAGE के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाईं ओर से पाँचवाँ होगा?

**Ans** A). K | B). M | C). J | D). L

**Correct Answer: A**

**Q.56** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
पांच छड़ियों V, H, Y, D और N में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। इनमें से सबसे लंबी छड़ी कौन-सी है?
(I) D, H से लंबी है। H, N से लंबी है।
(II) N, V से छोटी है लेकिन Y से लंबी है।

**Ans** A). कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

B). कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से (और केवल कथन I या कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

C). कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

D). कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

**Correct Answer: A**

**Q.57** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) के रूप में क्रमांकित किया गया है। आपको यह ज्ञात करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।
5 खंभों D, R, C, Z और Y में से, प्रत्येक की ऊँचाई भिन्न है, सबसे ऊँचा खंभा कौन-सा है?
(I) R, D से छोटा है, लेकिन C से ऊँचा है।
(II) Z, Y से ऊँचा है।

**Ans** A). केवल कथन (II) पर्याप्त है, लेकिन केवल कथन (I) पर्याप्त नहीं है।

B). केवल कथन (I) पर्याप्त है, लेकिन केवल कथन (II) पर्याप्त नहीं है।

C). कथन (I) और (II) दोनों एक साथ भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, और न ही इनमें से कोई एक अकेला पर्याप्त है।

D). केवल प्रत्येक कथन, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**Correct Answer: C**

**Q.58** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). IGD B). QPL C). OMJ D). GEB

**Correct Answer: B**

**Q.59** अपूर्वा अपनी कक्षा में नीचे से 25वें और ऊपर से 21वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans** A). 45 B). 44 C). 46 D). 43

**Correct Answer: A**

**Q.60** यदि '+' का अर्थ 'घटाना' है, '−' का अर्थ 'गुणा' है, '×' का अर्थ 'भाग' है तथा '÷' का अर्थ 'जोड़' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

88 × 4 + 7 − 2 ÷ 6 = ?

**Ans** A). 10 B). 17 C). 14 D). 22

**Correct Answer: C**

**Q.61** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 68 का संबंध 34 से है। इसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 84 का संबंध 42 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 56 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है? (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

**Ans** A). 32 B). 28 C). 36 D). 24

**Correct Answer: B**

**Q.62** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). GJ−MP B). EH−KN C). PS−VY D). IL−NT

**Correct Answer: D**

**Q.63** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएँ) 762 311 197 263 393 (दाएँ)
(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट: सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।
यदि सबसे छोटी संख्या के पहले अंक को सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक में से घटाया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

**Ans** A). 5 B). 7 C). 6 D). 9

**Correct Answer: C**

**Q.64** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'sun shines bright' को 'fa lo ti' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'moon shines too' को 'za lo mn के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'shines' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो-अक्षरीय वाले कूट हैं।)

**Ans** A). za B). ti C). fa D). lo

**Correct Answer: D**

**Q.65** निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) U R M B G C H O Y A I E P I G U Q U Q (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में एक व्यंजन है?

**Ans** A). एक B). दो C). तीन D). चार

**Correct Answer: A**

**Q.66** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से OGRU का संबंध JBMP से है। उसी प्रकार, ZEKP का संबंध UZFK से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, FWLA का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans** A). ARGV B). DEGV C). NFQC D). BTDH

**Correct Answer: A**

**Q.67** सात व्यक्ति D, H, J, L, S, T और Y, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं।
J के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J और Y के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H, J के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। H और L के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। T के दाईं ओर किसी स्थान पर और D के बाईं ओर किसी स्थान पर S बैठा है।
L के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). एक B). तीन C). पांच D). चार

**Correct Answer: A**

Q.68 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 4 2 @ 5 % 9 8 + 3 6 @ 1 5 ! # ^ 7 @ # 5 & ? 9 (दाएं)

यदि शृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, दाएं से सातवां होगा?

Ans A). 3 B). 1 C). 5 D). 7

Correct Answer: A

Q.69 यदि संख्या 1742683 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans A). 0 B). 1 C). 3 D). 2

Correct Answer: D

Q.70 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) Y U A J K Y M Y Y P K Z M U V G I A O (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक स्वर है?

Ans A). तीन B). दो C). एक D). चार

Correct Answer: B

Q.71 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A % B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'S # M @ H % Y – U' है, तो S का U से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी का भाई B). भाई C). पिता D). पत्नी का पिता

Correct Answer: A

Q.72 छह बक्से D, E, F, G, X और Y एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। D के ऊपर कोई बक्सा नहीं रखा है। D और Y के बीच केवल दो बक्से रखे हैं। D और G के बीच केवल एक बक्सा रखा है। E, Y के ठीक नीचे रखा है। D और X के बीच केवल चार बक्से रखे हैं। F और X के बीच कितने बक्से रखे हैं?

Ans A). एक B). तीन C). दो D). चार

Correct Answer: B

Q.73 छह व्यक्ति, C, D, E, O, P और Q, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। P और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O के बाईं ओर दूसरे स्थान पर E बैठा है। Q और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). एक B). तीन C). एक भी नहीं D). दो

Correct Answer: D

Q.74 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 583 912 467 351 294 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

सबसे छोटी संख्या के पहले अंक और सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक का योग कितना है?

Ans A). 6 B). 7 C). 8 D). 4

Correct Answer: D

Q.75 REFLECTION शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में, बाईं ओर से पांचवें अक्षर तथा दाईं ओर से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 6 B). 8 C). 5 D). 7

Correct Answer: C

Q.76 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

RJP : UHR
MLM : PJO

Ans A). WKT : ZIU B). GRI : JOK C). JVI : MTK D). PLL : SJM

Correct Answer: C

**Q.77** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
5 - 27
7 - 51

Ans A). 9 - 85 B). 1 - 3 C). 3 - 12 D). 45 - 70

Correct Answer: B

**Q.78** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

216 224 240 264 296 ?

Ans A). 328 B). 336 C). 331 D). 324

Correct Answer: B

**Q.79** A, D, F, G, H और S एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। S और F जिन तलों पर रहते हैं, उन तलों के क्रमांकों का गुणनफल 20 है। S और A के बीच केवल 3 व्यक्ति रहते हैं। D, G के ठीक नीचे रहता है। G के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans A). 4 B). 1 C). 3 D). 2

Correct Answer: D

**Q.80** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: कुछ चंद्रमा, तारे हैं। कुछ चंद्रमा, सफेद हैं।
निष्कर्ष (I): कम से कम कुछ सफेद, तारे हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ सफेद, चंद्रमा हैं।

Ans A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण नहीं करते हैं B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Correct Answer: C

**Q.81** अप्रैल 2026 में, भारत में किस क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए इंटीग्रेटेड अलर्ट सिस्टम "SACHET" लॉन्च किया गया था?

Ans A). कृषि सिंचाई और जल संरक्षण तंत्र B). अंतरिक्ष संचार और उपग्रह नेविगेशन सेवाएं C). डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन सेवाएं D). आपदा प्रबंधन और आपातकालीन चेतावनी सेवाएं

Correct Answer: D

**Q.82** 2026 NCAA इंडोर चैंपियनशिप में, किस एथलीट ने पुरुषों के 200-मीटर फाइनल में 19.95 सेकंड बनाकर एक नया कॉलेजिएट रिकॉर्ड बनाया?

Ans A). हैबटॉम सैमुए (Habtom Samue) B). गैरेट कालुंड (Garrett Kaalund) C). मार्सेलो मंटेकॉन (Marcelo Mantecon) D). जा'कोबे थार्प (Ja'Kobe Tharp)

Correct Answer: B

**Q.83** ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा 2026 में जारी भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (CPI) 2025 में, भारत को देशों और राज्य क्षेत्रों में कौन-सा स्थान दिया गया था?

Ans A). 79वां B). 85वां C). 96वां D). 91वां

Correct Answer: D

**Q.84** नई दिल्ली में मार्च 2026 में पुरस्कार विजेताओं को प्रदान किए गए 'साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2025' द्वारा, महिला-केंद्रित लघु-कथा संग्रह "सेफ्टी किट (Safety Kit)" के लिए किस लेखक को सम्मानित किया गया?

Ans A). जिंदर B). प्रकाश भट्टराई C). गिरिजाकुमार बलियार सिंह D). राजू बाविस्कर

Correct Answer: A

**Q.85** 2025 में, भारत ने सिकल सेल रोग से निपटने के लिए अपनी पहली स्वदेशी CRISPR-आधारित जीन थेरेपी शुरू की, जो देश की जनजातीय आबादी को असमान रूप से प्रभावित करती है। इस थेरेपी का नाम क्या है?

Ans A). सेल थेरेपी 'रक्षा-22' B). CRISPR रोगमुक्ति 'आरोग्य-1' C). जीन-एडिटिंग थेरेपी 'जनऔषधि-404' D). जीन थेरेपी 'बिरसा 101'

Correct Answer: D

**Q.86** **फरवरी 2026 में, पर्यावरण, जैव विविधता संरक्षण और जलवायु परिवर्तन में सहयोग बढ़ाने के लिए किस देश ने भारत के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?**

**Ans** A). फ्रांस B). ब्राज़ील C). नेपाल D). जर्मनी

**Correct Answer: C**

**Q.87** **अप्रैल 2026 में, गृह मंत्रालय से आधिकारिक अपडेटों के अनुसार, पूर्वी तट पर चक्रवातों के लिए भारत की आपदा प्रतिक्रिया और तैयारी की पहल को समन्वयित करने में कौन-सा संगठन सबसे अग्रणी था?**

**Ans** A). राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान B). भारतीय मौसम विज्ञान विभाग C). राज्य आपदा मोचन बल D). राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA)

**Correct Answer: D**

**Q.88** **मार्च 2026 में, 2025 सत्र के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित आठवें वार्षिक हॉकी इंडिया पुरस्कार समारोह में, किस खिलाड़ी को महिला प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार मिला?**

**Ans** A). सविता पुनिया B). वंदना कटारिया C). सलीमा टेटे D). नवनीत कौर

**Correct Answer: D**

**Q.89** **वित्त वर्ष 2026-27 (FY27) के लिए, केंद्रीय बजट द्वारा निर्धारित राजकोषीय घाटे का लक्ष्य क्या था?**

**Ans** A). GDP का 4.3% B). GDP का 5.2% C). GDP का 6% D). GDP का 3.5%

**Correct Answer: A**

**Q.90** **मार्च 2026 में ल्यूक मैग्लॉयर म्बार्गा अतांगाना (Luc Magloire Mbarga Atangana) की अध्यक्षता में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (WTO) के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC14) का आयोजन किस देश में हुआ था?**

**Ans** A). सिंगापुर B). स्विट्जरलैंड C). संयुक्त अरब अमीरात D). कैमरून

**Correct Answer: D**

**Q.91** **QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स बाय सब्जेक्ट 2026 में भारत ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया, जिसमें उसने वैश्विक टॉप-50 में कितनी एंट्री प्राप्त कीं, जो 2024 और 2025 दोनों की 12 एंट्री के दोगुने से अधिक है?**

**Ans** A). 24 B). 18 C). 27 D). 21

**Correct Answer: C**

**Q.92** **संसद के 2026 के बजट सत्र के दौरान, निम्नलिखित में से किस विधेयक को दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया था?**

**Ans** A). कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 B). जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 C). वित्त विधेयक, 2026

D). दिवालियापन एवं दिवालिया संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026

**Correct Answer: A**

**Q.93** **मार्च 2026 में, 12-दिवसीय 'ट्राइब्स आर्ट फेस्ट (Tribes Art Fest - TAF)' कहाँ आयोजित किया गया था?**

**Ans** A). जयपुर B). नई दिल्ली C). मुंबई D). भोपाल

**Correct Answer: B**

**Q.94** **मई 2026 में शंघाई में आयोजित तीरंदाजी विश्व कप (Archery world cup) के चरण में भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने किस टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता?**

**Ans** A). उज़्बेकिस्तान B). कतर C). इंडोनेशिया D). चीन

**Correct Answer: D**

**Q.95** **निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण, चंद्रयान-3 से संबंधित है जिसने दिसंबर 2025 में चंद्रमा के प्लाज्मा वातावरण के संबंध में महत्वपूर्ण 'जमीनी सच्चाई (ground truth)' डेटा प्रदान किया?**

**Ans** A). RAMBHA-LP B). M3 C). CHACE-2 D). IIRS-L

**Correct Answer: A**

**Q.96** **2025–26 के दौरान महिलाओं की सुरक्षा पर चर्चाओं में बार-बार उल्लिखित वन स्टॉप सेंटर (One Stop Centre) योजना को भारत सरकार के किस तंत्र के माध्यम से वित्तपोषित किया जाता है?**

**Ans** A). निर्भया फंड जो हिंसा से प्रभावित महिलाओं के लिए एकीकृत सहायता में मदद करता है।

B). जिला खनिज फाउंडेशन जो खनन प्रभावित क्षेत्रों में कल्याणकारी उपायों में मदद करता है।

C). राष्ट्रीय महिला कोष जो महिला उद्यमियों के लिए सूक्ष्म-ऋण सुविधाओं में मदद करता है।

D). राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम जो उपेक्षित परिवारों के लिए आजीविका सुरक्षा में मदद करता है।

**Correct Answer: A**

**Q.97** **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा मई 2026 में SC कल्याण योजनाओं की वास्तविक समय मॉनिटरिंग के लिए लॉन्च किए गए मोबाइल ऐप का क्या नाम है?**

**Ans** A). VIKAS B). AJAY C). VIJAY D). DHARMA

**Correct Answer: B**

**Q.98** **जनवरी 2026 में आयोजित डकार रैली (Dakar Rally) का 48वां संस्करण निम्नलिखित में से किस देश में हुआ था?**

Ans A). दक्षिण अफ्रीका B). मोरक्को C). संयुक्त अरब अमीरात D). सऊदी अरब

**Correct Answer: D**

**Q.99** **मई 2026 में तमिलनाडु में किस पार्टी ने पहली बार अपनी सरकार बनाई?**

Ans A). पट्टाली मक्कल काची (Pattali Makkal Katchi) B). तमिलगा वेत्री कड़गम (Tamilaga Vettri Kazhagam)

C). द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (Dravida Munnetra Kazhagam) D). ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam)

**Correct Answer: B**

**Q.100** **अप्रैल 2026 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा अबू धाबी में निम्नलिखित में से किस अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर और अनुसमर्थन के सुगमता हेतु एक विशेष संधि कार्यक्रम आयोजित किया गया था?**

Ans A). भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (United Nations Convention against Corruption)

B). जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौता (Paris Agreement on Climate Change) C). जैव विविधता पर कन्वेंशन (Convention on Biological Diversity)

D). साइबर अपराध के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (United Nations Convention against Cybercrime)

**Correct Answer: D**

"